कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ

अपील संख्या 59/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री नरेन्द्र शर्मा, कोठी नम्बर 3, सैक्टर नम्बर 6/एल रत्नदीप स्कूल के सामने हनुमानगढ जं.।

––अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ।

––प्रत्यर्थी

आदेश दिनांकः–31.10.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ के विरूद्ध प्राप्त हुई।

अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यों के अनुसार आवेदन पत्र दिनांक 13.08.2019 द्वारा प्रत्यर्थी से सूचना चाही गई। सूचना नही मिलने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा लिखित बहस प्रस्तुत की गई जिसका अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ से पत्रांक 1086 दिनांक 21.10.2019 द्वारा प्राप्त जबाव का अवलोकन करने से इनके द्वारा अपीलार्थी को पत्र कमांक 875 दिनांक 13.09.2019 से सूचना के संबध मे सूचित किया जाना पाया गया। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी की इस अपील में ओर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षों को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official